रणजीत टाइम्स

इंदौर

शनिवार, 17 अक्टूबर, 2026

वर्ष 02 | अंक 246 कुल पृष्ठ : 8 | Digital

RNI-NO.MPHIN/2015/64585

प्रधान संपादक : गोपाल गावंडे

भाजपा को झटका!

एकनाथ शिंदे ने निर्दलीय उम्मीदवार को दिया समर्थन

मुंबई। उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने निर्दलीय उम्मीदवार सचिन सानप को समर्थन देने का ऐलान किया है। इस फैसले से भाजपा और शिवसेना के बीच राजनीतिक समीकरणों को लेकर चर्चाएं शुरू हो गई हैं। भाजपा ने इस चुनाव में कौस्तुभ गावड़े को उम्मीदवार बनाया है, जबकि शिंदे गुट ने निर्दलीय प्रत्याशी के समर्थन का फैसला किया है। ऐसे में महायुति के भीतर चुनावी तालमेल को लेकर सवाल उठने लगे हैं।

शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र का यह चुनाव



गठबंधन के सहयोगी दलों की आपसी रणनीति और स्थानीय राजनीतिक प्रभाव की परीक्षा माना जा रहा है। शिंदे के फैसले से मुकाबला दिलचस्प हो गया है और राजनीतिक हलकों में इसके संभावित असर पर नजर रखी जा रही है। हालांकि, इस घटनाक्रम को भाजपा के लिए झटका मानना अभी जल्दबाजी होगी। चुनावी नतीजे ही बताएंगे कि निर्दलीय उम्मीदवार को मिले समर्थन का कितना प्रभाव पड़ा और मतदाताओं ने किसके पक्ष में फैसला सुनाया।

संसद का स्पेशल सेशन बुलाने की है तैयारी!

मोदी सरकार इसी महीने बुला सकती है सत्र, विरोध में है विपक्ष

लोकसभा सीटें बढ़ाने और परिसीमन बिल पेश करने का अनुमान

नई दिल्ली (एजेंसी)। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) को लेकर जारी विरोध के बीच सरकार इस महीने के आखिर में संसद का एक विशेष सत्र बुला सकती है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, संसद के इस विशेष सत्र को बुलाने के पीछे की वजह परिसीमन और महिला आरक्षण से जुड़े बिलों को फिर से संसद के सामने पेश करके पास कराना है।



सदन में मौजूद सांसदों की संख्या को लेकर सरकार को पूरा भरोसा है कि इस बार महिला आरक्षण बिल और परिसीमन बिल को पास कराया जा सकता है। बजट सत्र के दौरान 17 अप्रैल को लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिला आरक्षण लागू करने के लिए लाया गया संविधान संशोधन बिल (जिसमें परिसीमन भी शामिल था) निचले सदन में पास नहीं हो सका था।

बिल पास कराने के लिए सरकार का नंबर गेम

संविधान संशोधन के लिए संसद में बहुमत की जरूरत होती है। इसका मतलब है कि दोनों सदनों में मौजूद और वोट देने वाले सदस्यों का दो-तिहाई बहुमत होना चाहिए। सरकार को ये बिल पास कराने के लिए 360 सीटों की जरूरत है। लोकसभा की मौजूदा संख्या 540 है। तृणमूल और शिवसेना के सांसदों के सत्ता पक्ष में शामिल होने से इस बार सदन में स्थिति बदल सकती है। मौजूदा संसद में एनडीए के पास बहुमत तो है, लेकिन उनके पास वह जादुई आंकड़ा (दो-तिहाई बहुमत) नहीं है। हालांकि, पिछले सत्र के मुकाबले सरकार की स्थिति बेहतर हुई है। तृणमूल के 20 सांसद और शिवसेना (यूबीटी) के 6 सांसद सत्ता पक्ष में शामिल हो गए हैं।

- सचिन पायलट ने बता दिया क्या है पार्टी का प्लान

पंजाब में बिना सीएम फेस के चुनाव लड़ेगी कांग्रेस

चंडीगढ़ (एजेंसी)। पंजाब में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस ने जीत का दावा किया है। पंजाब कांग्रेस के प्रभारी और अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव सचिन पायलट ने कहा है कि राज्य में अगली सरकार 100 प्रतिशत कांग्रेस की बनेगी। उन्होंने भरोसा जताया कि जनता बदलाव चाहती है और पार्टी के पास चुनाव जीतने के लिए मजबूत टीम है। पायलट ने पंजाब कांग्रेस के अध्यक्ष परगट सिंह को 'सबको साथ लेकर चलने वाला कप्तान' बताते हुए कहा कि पार्टी के सभी नेता और कार्यकर्ता मिलकर चुनाव लड़ेंगे। पायलट ने



स्पष्ट किया कि कांग्रेस पंजाब में मुख्यमंत्री पद के लिए किसी एक चेहरे को आगे करके चुनाव नहीं लड़ेगी। उन्होंने कहा कि पार्टी को जनता का जनादेश मिलने के बाद कार्यकर्ताओं, नेताओं और विधायकों की राय सुनी जाएगी। इसके बाद ही तय किया जाएगा कि राज्य का नेतृत्व कौन करेगा। पायलट ने कहा कि जब कांग्रेस विपक्ष में होती है, तो नेता प्रतिपक्ष, प्रदेश अध्यक्ष और वरिष्ठ नेता मिलकर चुनाव की तैयारी करते हैं।

मेरठ सांप कांड में रविता और अमरदीप को फांसी

- पति का गला घोंटने के बाद बिस्तर पर छोड़ दिया था सांप
- मेरठ कोर्ट ने तीन दिन में 4 दोषियों को मौत की सजा दी

मेरठ (एजेंसी)। अपने पति की गला दबाकर हत्या करने वाली रविता और उसके प्रेमी अमरदीप को कोर्ट ने फांसी की सजा सुनाई है। रविता ने अपने प्रेमी अमरदीप के साथ मिलकर पहले पति अमित कश्यप का गला दबाकर उसकी जान ली और इसके बाद इस हत्याकांड को हादसा दिखाने के लिए उसके बिस्तर पर सांप छोड़ दिया। हालांकि, पोस्टमार्टम रिपोर्ट ने रविता



और उसके प्रेमी अमरदीप के झूठ का पर्दाफाश कर दिया। 12 अप्रैल 2025 की इस घटना में आखिरकार आज इंसाफ हो गया। मेरठ के एडीजे 12 जयवीर सिंह नागर की कोर्ट ने शुक्रवार को मामले की सुनवाई की। आरोपी रविता और अमरदीप वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जेल से जुड़े थे। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने दोनों पक्षों को सुना और आरोपियों को फांसी की सजा सुनाई।

12 अप्रैल 2025 को हत्या की थी

मेरठ के बहसूमा क्षेत्र के अकबरपुर सादात गांव में 12 अप्रैल 2025 की रात को अमित कश्यप की हत्या कर दी गई थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गला दबाकर हत्या की पुष्टि हुई। इसके बाद पुलिस ने पत्नी को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो सारा मामला सामने आ गया। पुलिस ने पति अमित की हत्या में पत्नी रविता और उसके प्रेमी अमरदीप को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। 7 अक्टूबर को कोर्ट ने रविता और अमरदीप को दोषी कर दिया था। आज कोर्ट ने दोनों को सजा सुनाई है। पुलिस को जांच के दौरान हत्या वाले दिन पत्नी रविता और उसके प्रेमी अमरदीप के बीच 50 से ज्यादा बार बातचीत की कॉल डिटेल मिली थी। इसी के आधार पर पुलिस ने जांच आगे बढ़ाई, तो हत्या की सारी सच्चाई सामने आ गई थी। बता दें कि इससे पहले 14 अक्टूबर को कोर्ट ने सौरभ हत्याकांड में मुस्कान और उसके प्रेमी साहिल को भी फांसी की सजा सुनाई थी।

श्रीमती बिलाश शर्मा के अंगदान से तीन लोगों को मिला जीवन

सीएम डॉ. मोहन यादव बोले-उनके परिजनों ने किया परोपकार का काम



भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि श्रीमती बिलाश टांटी शर्मा (शिवानी) के एम्स, भोपाल में अंगदान से तीन लोगों को जीवन मिला है। नर्मदापुरम जिले में बनखेड़ी के ग्राम खापा खुर्द निवासी श्रीमती शर्मा सड़क दुर्घटना में ब्रेन डेड हुई थीं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अपने संदेश में कहा कि असहनीय दुःख की घड़ी में उनके परिजन ने अंगदान का निर्णय लेकर मानवता, संवेदनशीलता और परोपकार की ऐसी मिसाल पेश की, जो सभी को प्रेरित करेगी। राज्य शासन के निर्णय अनुसार स्व. शिवानी के पैतृक गांव में पार्थिव देह को मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।

घर से निकलते ही दीपके गिरफ्तार

तिरंगा मार्च के लिए कनॉट प्लेस पर जा रहे थे सीजेपी चीफ

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली पुलिस ने तिरंगा यात्रा के लिए निकले अभिजीत दीपके को हिरासत में ले लिया है। दिल्ली पुलिस का कहना है कि इसके लिए दीपके व अन्य सीजेपी कार्यकर्ताओं को पुलिस ने अनुमति नहीं दी थी। 6 दिनों में दीपके को दूसरी बार कस्टडी में लिया गया है। इससे पहले 10 अक्टूबर को उन्हें हिरासत में लिया गया था, अगले दिन छोड़ दिया गया। नई दिल्ली जिले में बीएनएस की धारा 163 लागू है। यानी 4 या 4 से ज्यादा लोग इकट्ठा नहीं हो सकते हैं। इससे पहले दिल्ली पुलिस झंडेवालान स्थित उस बंगले पर पहुंची थी, जहां सीजेपी फाउंडर अभिजीत दीपके ठहरे हुए थे। पुलिस ने उन्हें प्रदर्शन नहीं करने का नोटिस दिया था। इस दौरान दीपके की



पुलिस से बहस हो गई थी। उन्होंने पुलिस से कहा कि यह कोई रैली या प्रोटेस्ट नहीं है। दिल्ली पुलिस ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर तिरंगे के सम्मान और देश के गौरव को बनाए रखने की अपील की है। पुलिस ने कहा कि हमारे तिरंगे को सर्वोच्च सम्मान मिलना चाहिए और देशभक्ति हर व्यवहार में दिखाई देनी चाहिए। साथ ही, दिल्ली पुलिस ने संदेश दिया, तिरंगे का सम्मान करें और देश का गौरव बनाए रखें। दिल्ली के कनॉट प्लेस स्थित सेंट्रल पार्क में सीजेपी के 'लहरा दो तिरंगा' मार्च से पहले सुरक्षा व्यवस्था को लेकर हलचल तेज हो गई थी।

श्री साईं इंटरनेशनल स्कूल में 501 कन्याओं का पूजन, भारतीय संस्कृति और नारी शक्ति का हुआ भव्य सम्मान



राजेश धाकड़

इंदौर। नवरात्रि के पावन अवसर पर श्री साईं इंटरनेशनल स्कूल, इंदौर में शुक्रवार, 16 अक्टूबर 2026 को 501 कन्याओं के पूजन का भव्य आयोजन श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से भारतीय संस्कृति, धार्मिक परंपराओं और नारी शक्ति के सम्मान का संदेश दिया गया।

आयोजन के दौरान विधि-विधान से कन्याओं का पूजन कर उन्हें देवी स्वरूप मानकर सम्मानित किया गया। विद्यालय परिसर भक्तिमय वातावरण से सराबोर रहा। इस अवसर पर भारतीय संस्कृति और संस्कारों की झलक देखने को मिली। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को बेटियों के सम्मान, सामाजिक समानता और नारी शक्ति के महत्व से भी अवगत कराया गया।

विद्यालय के डायरेक्टर श्री सतीश चौधरी एवं प्राचार्या डॉ. स्वाति चौधरी के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में बेटियों के प्रति सम्मान और उनके उज्ज्वल भविष्य का संदेश दिया गया। इस अवसर पर डायरेक्टर सतीश चौधरी ने कहा कि भारतीय संस्कृति में कन्याओं को देवी का स्वरूप माना गया है। कन्या पूजन हमारी आस्था और परंपराओं का प्रतीक है। ऐसे आयोजन समाज में बेटियों के प्रति सम्मान, सकारात्मक सोच और समानता की भावना को मजबूत करने का कार्य करते हैं।

वहीं, प्राचार्या डॉ. स्वाति चौधरी ने कहा कि विद्यालय का उद्देश्य विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के साथ-साथ उन्हें भारतीय संस्कृति, नैतिक मूल्यों और संस्कारों से जोड़ना भी है। इस प्रकार के आयोजन बच्चों में श्रद्धा, सेवा, सम्मान और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करते हैं। कार्यक्रम का समापन भक्तिमय माहौल और हर्षोल्लास के साथ हुआ। 501 कन्याओं के पूजन के इस आयोजन ने समाज को संदेश दिया कि बेटियां परिवार और समाज की अनमोल धरोहर हैं। उन्हें सम्मान, स्नेह और समान अवसर प्रदान करना हम सभी की जिम्मेदारी है।

अनियमितता पर कृषि कीटनाशक विक्रेता की दुकान सील; रबी फसलों हेतु उर्वरक उठाव एवं नरवाई न जलाने की अपील

हेमंत भार्गव

शिवपुरी। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा के निर्देशानुसार एवं उप संचालक (कृषि) श्री मुनेश कुमार शाक्य के मार्गदर्शन में जिले में कृषि आदान विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों की जांच हेतु औचक निरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है।



इसी क्रम में गुरूवार को वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी एस.एस. जाटव एवं विकासखंड स्तरीय दल द्वारा एम.एम. हॉस्पिटल के पास स्थित कीटनाशक विक्रेता प्रतिष्ठान मैसर्स दाउ ट्रेडर्स (प्रो. अंकेश धाकड़, विकासखंड शिवपुरी) का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पाई गई अनियमितताओं को गंभीरता से लेते हुए अधिकारियों द्वारा उक्त प्रतिष्ठान को तत्काल प्रभाव से सील कर दिया गया है। उप संचालक (कृषि) श्री शाक्य ने रबी मौसम 2026-27 को ध्यान में रखते हुए जिले में उर्वरक एवं बीज की उपलब्धता व वितरण व्यवस्था पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए हैं। वर्तमान में किसान भाइयों द्वारा रबी फसलों के लिए उर्वरकों का उठाव किया जा रहा है। कृषि विभाग ने जिले के कृषकों से अपील की है कि वे केवल डीएपी पर निर्भर न रहकर इसके विकल्प के रूप में एनपीके तथा कॉम्प्लेक्स उर्वरकों का उठाव करें।

इसके लिए मैदानी अमले (ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों) और कृषि विज्ञान केंद्र के माध्यम से ग्राम स्तर पर कृषक संगोष्ठियों का आयोजन कर किसानों को जागरूक किया जा रहा है। किसानों को सलाह दी गई है कि वे मिट्टी की उर्वरा शक्ति बनाए रखने के लिए नत्रजन, स्फुर एवं पोटाश का अनुशंसित मात्रा में ही उपयोग करें तथा जैविक खादों के प्रयोग पर विशेष जोर दें। नरवाई (पराली) जलाने पर पूर्ण प्रतिबंध, जुर्माना लगाने के निर्देश कलेक्टर श्री अर्पित वर्मा द्वारा जिले में खेत में पराली/नरवाई जलाना पूरी तरह से प्रतिबंधित किया गया है। नियम का उल्लंघन करते हुए पाए जाने पर संबंधित कृषक अथवा व्यक्ति के विरुद्ध 2,500 रुपये से लेकर 15,000 रुपये तक के अर्थदंड (जुर्माना) की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। कृषि विभाग ने खरीफ 2026 में मक्का एवं धान की फसल कटाई के उपरांत खेतों में नरवाई/पराली जलाने से बचने की सख्त हिदायत दी है। नरवाई जलाने से पर्यावरण प्रदूषित होने के साथ-साथ मिट्टी के लाभदायक सूक्ष्म जीव नष्ट हो जाते हैं और भूमि की जल धारण क्षमता एवं उर्वरता प्रभावित होती है।

आधुनिक कृषि यंत्रों को अपनाने की अपील

कृषि विभाग ने किसानों से अपील की है कि वे नरवाई में आग लगाने के स्थान पर सुपरसीडर, हैप्पीसीडर, स्मार्टसीडर एवं रोटावेटर जैसे आधुनिक कृषि यंत्रों का प्रयोग करें। इन यंत्रों के उपयोग से फसल अवशेष खेत की मिट्टी में ही मिलकर कार्बनिक पदार्थों की मात्रा बढ़ाएंगे, जिससे भूमि की उपजाऊ क्षमता बढ़ेगी और आगामी रबी फसल की उत्पादकता पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।



नवरात्रि पर्व पर दिया भक्ति और नशामुक्ति का संदेश



इंदौर। मालवा मिल स्थित नई जीवन की फेल, श्मशान घाट के पीछे निवासरत रविदास जी महाराज उर्फ रवि बोरासी गुरु महाराज ने शारदीय नवरात्रि के पावन पर्व पर श्रद्धालुओं को हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

उन्होंने माँ दुर्गा की आराधना, नौ दिनों की सेवा, ज्योत-जवारे की स्थापना से लेकर विसर्जन तक की धार्मिक परंपराओं के महत्व पर प्रकाश डाला। रविदास जी महाराज ने इस पावन अवसर पर धर्म, सेवा, सद्भाव और मानव कल्याण का संदेश देते हुए समाज के लोगों से बुराइयों से दूर रहने तथा नशामुक्त समाज के निर्माण में सहयोग करने की अपील की। उन्होंने माँ दुर्गा से सभी के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि और खुशहाली बनाए रखने की कामना की। रणजीत टाइम्स न्यूज़ चैनल की ओर से सभी श्रद्धालुओं को नवरात्रि पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं

रणजीत टाइम्स



भारतीय पत्रकार संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनोनित होने पर श्री गोपाल गावंडे जी को हार्दिक बधाई



● बधाईकर्ता : **समस्त रणजीत टाइम्स परिवार**

अष्टभुजा दुर्गा की शक्ति का प्रतिरूप है स्त्री

स्त्री केवल परिवार की आधारशिला ही नहीं, बल्कि सृजन, करुणा, सहनशीलता और परिवर्तन की प्रतीक भी है। भारतीय संस्कृति में नारी को शक्ति स्वरूपा मानने की परंपरा रही है। अष्टभुजा दुर्गा इसी असीम शक्ति, सामर्थ्य और सृजनशीलता का प्रतीक हैं। स्त्री की विशिष्टता इस बात में निहित है कि वह स्वयं के साथ-साथ परिवार, समाज और आने वाली पीढ़ियों के निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।



प्रकृति का प्रत्येक तत्व अपने मूल स्वभाव के अनुरूप कार्य करता है। करोड़ों वर्षों की उत्क्रांति के पश्चात मनुष्य ने अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित की। मानव जीवन में स्त्री और पुरुष दोनों की भूमिकाएं महत्वपूर्ण हैं। जिस प्रकार प्रकृति में प्रत्येक तत्व का अपना विशेष कार्य है, उसी प्रकार स्त्री और पुरुष भी अपनी विशिष्टताओं के साथ जीवन को संतुलित और समृद्ध बनाते हैं। स्त्री की शक्ति केवल उसकी शारीरिक क्षमता में नहीं, बल्कि उसकी संवेदनशीलता, धैर्य, दूरदर्शिता और निर्माण करने की क्षमता में भी निहित है। एक सच्चे निर्माता का हृदय विशाल होता है और उसकी सोच सीमित दायरों में बंधी नहीं होती। यही गुण स्त्री को परिवार और समाज के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देने की प्रेरणा देते हैं। श्री माताजी निर्मला देवी जी ने स्त्री की इसी विशिष्टता को प्रकृति के उदाहरण के माध्यम से समझाया है। वर्ष 1988 में पेरिस में दिए गए अपने प्रवचन 'इंट्यूशन एंड विमेन' में उन्होंने स्त्री की तुलना धरती माता से और पुरुष की तुलना सूर्य से की। उन्होंने बताया कि धरती माता बिना किसी शिकायत के हमें सुंदर फूल, पेड़-पौधे और जीवनदायी पोषण प्रदान करती है। वह अनेक कठिनाइयों को सहन करते हुए भी सृजन और संरक्षण का कार्य निरंतर करती रहती है। सूर्य और पृथ्वी दोनों अपनी-अपनी विशिष्ट भूमिकाओं के कारण प्रकृति के संतुलन को बनाए रखते हैं।

यह विचार हमें प्रेरित करता है कि स्त्री को अपनी आंतरिक शक्ति और विशिष्टता को पहचानना चाहिए। दूसरों का अंधानुकरण करने के बजाय अपनी सहज प्रकृति, आत्मविश्वास और सृजनशीलता को विकसित करना ही वास्तविक प्रगति का मार्ग है। दुर्गा पूजा के पावन अवसर पर आत्मचिंतन और आध्यात्मिक उन्नति का संदेश विशेष महत्व रखता है। श्री माताजी निर्मला देवी जी के अनुसार, आत्मसाक्षात्कार के माध्यम से व्यक्ति अपने भीतर निहित दिव्य शक्ति को पहचान सकता है। कुंडलिनी जागरण द्वारा आत्मसाक्षात्कार प्राप्त करने के इच्छुक व्यक्ति टोल-फ्री नंबर 18002700800 या sahajayoga.org.in संपर्क कर सकते हैं। सहजयोग पूर्णतया निशुल्क है।

केंद्रीय मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के निर्देश पर कार्यवाही, शहर की यातायात, बिजली और स्वच्छता व्यवस्था सुधारने के लिए कलेक्टर श्री वर्मा ने की समीक्षा

हेमंत भार्गव

व्यवस्थाओं को लेकर जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के साथ बैठक

शिवपुरी। केंद्रीय मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के निर्देशों के बाद शिवपुरी शहर की बुनियादी समस्याओं के समाधान के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। शहरवासियों को राहत देने के उद्देश्य से स्ट्रीट लाइट, यातायात और स्वच्छता से जुड़ी समस्याओं का तेजी से निराकरण किया जा रहा है। इसी सिलसिले में कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा ने जनप्रतिनिधियों और नगर पालिका शिवपुरी के सीएमओ सहित अन्य प्रमुख अधिकारियों के साथ एक समीक्षा बैठक की। बैठक में शिवपुरी विधायक श्री देवेंद्र जैन नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती गायत्री शर्मा,जिला अध्यक्ष जसवंत जाटव सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण शामिल हुए।

स्ट्रीट लाइट लगाने के निर्देश

शिवपुरी शहर के मुख्य चौराहों और विभिन्न वार्डों में अंधेरे की समस्या को दूर करने के लिए युद्ध स्तर पर काम किया जा रहा है। कलेक्टर श्री वर्मा ने नगर पालिका सीएमओ को कड़े निर्देश दिए हैं कि जहां लाइट्स खराब हैं उन्हें तत्काल बदला जाए। जितनी भी स्ट्रीट लाइटों की आवश्यकता है, उतनी खरीदी कर चिन्हित स्थानों पर लाइट लगाई जाएं। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस कार्य में किसी भी स्तर पर कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही, यह भी सुनिश्चित करने को कहा गया है कि स्ट्रीट लाइट से जुड़े किसी भी प्रकार के भुगतान लंबित न रखे जाएं





स्वच्छता और कचरा प्रबंधन पर सख्त निर्देश

शहर में जगह-जगह लग रहे कचरे के ढेरों पर नाराजगी जताते हुए कलेक्टर श्री अर्पित वर्मा ने स्वच्छता प्रभारी को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शहर से कचरा एकत्रित करने के लिए वाहन लगातार और नियमित रूप से हर गली-मोहल्ले में जाने चाहिए। स्वच्छता प्रभारी की यह जिम्मेदारी होगी कि व इसकी कड़ी मॉनिटरिंग करें ताकि शहर में कहीं भी कचरा न दिखाई दे। खराब वाहनों को तुरंत सुधरवाने के निर्देश दिए। समीक्षा बैठक में यह बात भी सामने आई कि नगर पालिका के कई वाहन खराब हालत में हैं, जिससे कचरा उठाने और अन्य सफाई कार्यों में बाधा आ रही है। इसे गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर श्री वर्मा ने वाहन प्रभारी को तत्काल प्रभाव से सभी खराब वाहनों को दुरुस्त कराने के निर्देश दिए हैं ताकि प्रशासनिक काम-काज में कोई रुकावट न आए।

यातायात प्रबंधन के निर्देश

बैठक में शहर में यातायात प्रबंधन को लेकर चर्चा की गई। कलेक्टर श्री वर्मा ने यातायात प्रभारी और नगर पालिका सीएमओ को सख्त हिदायत दी है। शहर में यातायात व्यवस्था सुदृढ़ रहनी चाहिए। प्रमुख मार्ग, बाजार आदि में दुकानों के बाहर स्टॉल और अतिक्रमण कर यातायात बाधित करने वालों को समझाइश दें और कार्यवाही भी करें ताकि आमजन के लिए आवागमन सुगम हो।

सड़क मरम्मत के निर्देश

शहर के प्रमुख मार्ग और वार्ड में जहां सड़कों की मरम्मत की आवश्यकता है उसके लिए नगर पालिका द्वारा तत्काल काम शुरू किया जाए और सड़कों की मरम्मत की जाए।

वन्दे मातरम

150 वर्ष पूर्ण होने पर ABVP खारकलाँ ने आयोजित की 'अमृत स्वर' व्याख्यानमाला



पुनीत सेन

खारकलाँ। वन्दे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) खारकलाँ नगर द्वारा 'अमृत स्वर' व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विश्व हिन्दू परिषद के विभाग सहमंत्री श्री आदित्य मेहता एवं श्रीमती जयश्री चौधरी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अभाविप खारकलाँ के नगर मंत्री अमन यादव ने बताया कि व्याख्यानमाला का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं युवाओं में राष्ट्रभक्ति की भावना जागृत करना तथा राष्ट्रीय गीत 'वन्दे मातरम्' के ऐतिहासिक महत्व, राष्ट्रीय चेतना और स्वाधीनता संग्राम में उसकी प्रेरणादायी भूमिका से परिचित कराना था।

कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने वन्दे मातरम् के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह गीत भारतभूमि के प्रति श्रद्धा, समर्पण और राष्ट्रप्रेम की भावना का प्रतीक है। स्वतंत्रता संग्राम के दौरान वन्दे मातरम् ने देशवासियों में राष्ट्रीय चेतना का संचार किया और अनेक क्रांतिकारियों एवं राष्ट्रभक्तों को मातृभूमि की स्वतंत्रता के लिए संघर्ष करने की प्रेरणा दी। वक्ताओं ने राष्ट्रीय गीत से जुड़ी ऐतिहासिक विरासत को नई पीढ़ी तक पहुंचाने और युवाओं को देश के इतिहास एवं राष्ट्रीय मूल्यों से परिचित कराने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों एवं युवाओं को वन्दे मातरम् के ऐतिहासिक योगदान और राष्ट्रीय जीवन में उसके महत्व से अवगत कराने का प्रयास किया गया।

पूर्व कृषि मंत्री कमल पटेल की जीत के लिए 80 किमी पैदल सलकनपुर जा रहा करताना का युवक

वीरेंद्र चौहान रणजीत टाइम्स

हरदा जिले के करताना निवासी 24 वर्षीय संजय पिपलोदे की अनोखी पदयात्रा, कहा- उपचुनाव हुए तो कमल पटेल भारी मतों से जीतें, माँ विजयासन के दरबार में मन्नत मांगने निकला समर्थक, अगले विधानसभा चुनाव में कमल पटेल की जीत पर नर्मदा परिक्रमा का भी लिया है संकल्प



हरदा।नवरात्रि में आपने कई लोगों को माता रानी के दरबार में पैदल जाते देखा होगा, लेकिन हरदा जिले के एक युवक की पैदल यात्रा सबसे अलग और चर्चा का विषय बनी हुई है। हरदा जिले के करताना निवासी 24 वर्षीय संजय पिपलोदे करीब 80 किलोमीटर पैदल चलकर माँ विजयासन धाम सलकनपुर जा रहे हैं। खास बात यह है कि उनकी यह मनोकामना स्वयं या परिवार के लिए नहीं है। संजय अपने पसंदीदा नेता पूर्व कृषि मंत्री कमल पटेल के लिए यह पदयात्रा कर रहे हैं। संजय का कहना है कि वे हरदा जिले के लाड़ले और प्रदेश के कद्दावर नेता पूर्व कृषि मंत्री कमल पटेल के प्रशंसक हैं।

बचपन स्कूल में नवदुर्गा महोत्सव की धूम, दो दिवसीय गरबा-डांडिया महोत्सव में थिरके छात्र

मालनपुर। कस्बे के समीप संचालित प्रतिष्ठित बचपन स्कूल में शारदीय नवरात्रि के पावन पर्व पर दो दिवसीय नवदुर्गा महोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। पूरे विद्यालय परिसर को रंग-बिरंगे फूलों, माता की चुनरियों और लाइटों से भव्य रूप से सजाया गया था।कार्यक्रम का शुभारंभ माँ दुर्गा की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं आरती के साथ किया गया।

इसके बाद नन्हे-मुन्ने बच्चों ने माँ दुर्गा के नौ स्वरूपों पर आधारित मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। छात्राओं ने गुजराती गरबा, राजस्थानी लोकनृत्य और डांडिया की ऐसी प्रस्तुति दी कि उपस्थित सभी अभिभावक और शिक्षक झूमने पर मजबूर हो गए। छात्र रंग-बिरंगे पारंपरिक परिधानों - चनिया-चोली और कुर्ता-पायजामा में सजे हुए बेहद आकर्षक लग रहे थे।



संस्कारों के साथ शिक्षा भी जरूरी - संचालक

इस अवसर पर विद्यालय के संचालक दिनेश सिंह परिहार उर्फ बंटू ने छात्रों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि आज के दौर में बच्चों को केवल किताबी ज्ञान ही नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति और संस्कारों से भी जोड़ना बेहद जरूरी है। शिक्षा के साथ-साथ इस प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम बच्चों में आत्मविश्वास, टीम भावना और हमारी परंपराओं के प्रति सम्मान की भावना पैदा करते हैं।उन्होंने कहा कि नवरात्रि शक्ति की आराधना का पर्व है और हमें माँ दुर्गा से साहस और परोपकार की प्रेरणा लेनी चाहिए।दो दिवसीय इस महोत्सव में विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने व्यवस्था संभाली और बच्चों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अभिभावक भी उपस्थित रहे और बच्चों की प्रस्तुतियों की सराहना की। कार्यक्रम के समापन पर सभी छात्रों एवं उपस्थित जनों को प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्य रीटा द्विवेदी, ऋषि सविता, प्रताप, शालिनी दीक्षित, सिवानी, साक्षी, सिन्धु, सेजल , मीनाक्षी, तनीषा आदि शिक्षक एवं शिक्षिकाएँ मौजूद रहे।

नर्मदे हर मित्र मंडल ने 13 वर्षों से जारी रखी सेवा परंपरा, नौ दिवसीय महाप्रसादी का आयोजन

मां नर्मदा की प्रतिकृति स्थापित कर की पूजा-अर्चना, श्रद्धालुओं को महाप्रसादी और जल वितरण के साथ दिया जल संरक्षण का संदेश

राजेश धाकड़

इंदौर। शारदीय नवरात्रि पर्व के अवसर पर संस्था नर्मदे हर मित्र मंडल द्वारा विगत 13 वर्षों से निरंतर नौ दिवसीय महाप्रसादी वितरण एवं सेवा कार्य का आयोजन किया जा रहा है। इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए इस वर्ष भी बाबू मुराई कॉलोनी चौराहे पर, पुराने एयरपोर्ट गेट के सामने, भव्य पंडाल का निर्माण कर मां नर्मदा की प्रतिकृति स्थापित की गई। यहां विधि-विधान से पूजन-अर्चना के साथ नौ दिनों तक श्रद्धालुओं को महाप्रसादी एवं जल वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मां करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह गौतम तथा विशेष अतिथि के रूप में मां करणी सेना के बाला ठाकुर उपस्थित रहे।



मां नर्मदा के महत्व और जल संरक्षण का संदेश

नर्मदे हर मित्र मंडल द्वारा आयोजित इस नौ दिवसीय कार्यक्रम का उद्देश्य केवल धार्मिक आयोजन तक सीमित नहीं है, बल्कि इसके माध्यम से आमजन को मां नर्मदा के महत्व और जल संरक्षण के प्रति जागरूक करना भी है। मां नर्मदा मध्य प्रदेश की जीवनरेखा मानी जाती हैं और प्रदेश की जल आवश्यकताओं में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। आयोजन के माध्यम से नागरिकों को संदेश दिया गया कि जल ही जीवन है। इसलिए पानी की प्रत्येक बूंद का महत्व समझते हुए जल संचय को बढ़ावा देना चाहिए। साथ ही नदियों को प्रदूषण से बचाने, उनके संरक्षण और प्राकृतिक जल स्रोतों की सुरक्षा के लिए भी सभी को आगे आना चाहिए।

जनसहयोग या चंदा लिए बिना होता है आयोजन

संस्था की इस पहल की विशेष बात यह है कि नौ दिवसीय आयोजन के लिए आम जनता से किसी प्रकार का चंदा या आर्थिक सहयोग नहीं लिया जाता। कार्यक्रम का पूरा खर्च मित्र मंडल के सदस्यों और उनके परिचितों द्वारा आपसी सहयोग से एकत्रित राशि के माध्यम से वहन किया जाता है। सदस्यों का कहना है कि धार्मिक आस्था के साथ सामाजिक सरोकारों को जोड़ते हुए सेवा कार्य करना ही इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य है।

मित्र मंडल के सदस्यों का रहा सहयोग

नौ दिवसीय आयोजन को सफल बनाने में आकाश बांदल, अंकुश चौहान, सचिन ठाकुर, बड़े भैया, दीपक सोनी, मयंक अग्निहोत्री, गोलू ठाकुर, निलेश त्रिवेदी, सण्टु सेंगर, हेमंत सोनी, राघवेंद्र चौहान, राजेश देवासी, चेतन गोस्वामी, रोहित त्रिवेदी, मोंटी कराडिया, राहुल यादव, अतुल शर्मा, नौशाद शेख, राजा परमार, शैलेन्द्र ठाकुर, आनंद कदम, हिमांशु राव, हितू ठाकुर, निशांत राव, छोटू जाट, बंटी यादव, शैलेंद्र त्रिपाठी, कान्हा खटिक, अंकित सुसलादे, बंटी ठाकुर, शुभम यादव (टीका), शुभम यादव, करण गुजराती, सावन कदम, रोहित खत्री, नितिन यादव, राकेश गोस्वामी, जयंत राजपूत, दर्शन सोनी, ऋतिक पावर और अरबाज लाला सहित मित्र मंडल के सदस्यों का महत्वपूर्ण सहयोग रहा।

संस्था नर्मदे हर मित्र मंडल का यह आयोजन धार्मिक आस्था, सामाजिक समरसता और जनसेवा के साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने वाली एक सराहनीय पहल है। मंडल का प्रयास है कि मां नर्मदा के प्रति श्रद्धा के साथ ही प्रत्येक नागरिक में जल संरक्षण और नदियों के प्रति जिम्मेदारी की भावना भी मजबूत हो।

उद्यम संवाद में स्वरोजगार योजनाओं की जानकारी

कलेक्टर ने युवाओं एवं महिला उद्यमियों को आत्मनिर्भर बनने किया प्रोत्साहित

धर्मेन्द्र गुप्ता

मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को श्री लक्ष्मीकांत शर्मा प्रतीक्षालय, लटेरी में उद्यम संवाद का आयोजन किया गया।

कलेक्टर श्री अंशुल गुप्ता तथा पुलिस अधीक्षक श्री रोहित काशवानी की उपस्थिति में विभिन्न स्वरोजगार एवं उद्यमिता योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों ने अपने अपने अनुभवों की जानकारी दी गई है। संवाद के दौरान स्थानीय उद्यमियों, स्वसहायता समूहों की महिला उद्यमियों एवं उपस्थित नागरिकों ने योजनाओं से जुड़े अपने अनुभव साझा किए।उद्यम संवाद में मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना, संत रविदास योजना, भगवान बिरसा मुंडा योजना, प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम योजना, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, मुख्यमंत्री डेयरी प्लस योजना, पशुपालन केसीसी, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, आचार्य विद्यासागर योजना, एमएसएमई प्रोत्साहन योजना तथा मध्यप्रदेश स्टार्टअप नीति 2025 सहित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। उद्यमियों ने साझा किए सफलता के अनुभव कार्यक्रम में विभिन्न शासकीय स्वरोजगार योजनाओं का लाभ लेकर अपना व्यवसाय स्थापित करने वाले उद्यमियों एवं स्वसहायता समूह की महिला उद्यमियों ने अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि शासकीय योजनाओं के माध्यम से वित्तीय सहायता, प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन प्राप्त कर उन्होंने अपने व्यवसाय को प्रारंभ करने के साथ-साथ आत्मनिर्भरता की दिशा में कदम बढ़ाया है।उद्यमियों ने संवाद के दौरान अन्य युवाओं एवं नागरिकों को भी स्वरोजगार अपनाने और शासकीय योजनाओं का लाभ लेकर स्वयं का व्यवसाय स्थापित करने के लिए प्रेरित किया।युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने पर जोर कलेक्टर श्री अंशुल गुप्ता ने उपस्थित नागरिकों से संवाद करते हुए कहा कि शासन द्वारा युवाओं, महिलाओं, छोटे व्यापारियों, कारीगरों, किसानों एवं पशुपालकों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए अनेक स्वरोजगार एवं उद्यमिता योजनाएं संचालित की जा रही हैं। इन योजनाओं का उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को रोजगार मांगने वाला नहीं, बल्कि रोजगार देने वाला बनाने की दिशा में आगे बढ़ाना है।उन्होंने नागरिकों से कहा कि अपनी रुचि, क्षमता और स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप व्यवसाय का चयन कर शासकीय योजनाओं का लाभ उठाएं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि पात्र हितग्राहियों को योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराने के साथ आवेदन प्रक्रिया में आवश्यक सहयोग दिया जाए, ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति योजना के लाभ से वंचित न रहे।कलेक्टर श्री गुप्ता ने कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों की समस्याएं भी सुनीं तथा संबंधित अधिकारियों को उनके त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान का उद्देश्य शासन की योजनाओं एवं सेवाओं को आमजन के अधिक निकट पहुंचाना तथा उनकी समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करना है। कार्यक्रम में उद्योग विभाग की महाप्रबंधक श्रीमती जयंती कुमारी सहायक मैनेजर सुश्री रितु साहू समेत अन्य विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, उद्यमी, स्वसहायता समूहों की महिला सदस्य, युवा एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

उद्यम संवाद में स्वरोजगार योजनाओं की जानकारी, कलेक्टर ने युवाओं एवं महिला उद्यमियों को आत्मनिर्भर बनने किया प्रोत्साहित

धर्मेन्द्र गुप्ता



मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को श्री लक्ष्मीकांत शर्मा प्रतीक्षालय, लटेरी में उद्यम संवाद का आयोजन किया गया।

कलेक्टर श्री अंशुल गुप्ता तथा पुलिस अधीक्षक श्री रोहित काशवानी की उपस्थिति में विभिन्न स्वरोजगार एवं उद्यमिता योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों ने अपने अपने अनुभवों की जानकारी दी गई है। संवाद के दौरान स्थानीय उद्यमियों, स्वसहायता समूहों की महिला उद्यमियों एवं उपस्थित नागरिकों ने योजनाओं से जुड़े अपने अनुभव साझा किए।उद्यम संवाद में मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना, संत रविदास योजना, भगवान बिरसा मुंडा योजना, प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम योजना, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, मुख्यमंत्री डेयरी प्लस योजना, पशुपालन केसीसी, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, आचार्य विद्यासागर योजना, एमएसएमई प्रोत्साहन योजना तथा मध्यप्रदेश स्टार्टअप नीति 2025 सहित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। उद्यमियों ने साझा किए सफलता के अनुभव कार्यक्रम में विभिन्न शासकीय स्वरोजगार योजनाओं का लाभ लेकर अपना व्यवसाय स्थापित करने वाले उद्यमियों एवं स्वसहायता समूह की महिला उद्यमियों ने अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि शासकीय योजनाओं के माध्यम से वित्तीय सहायता, प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन प्राप्त कर उन्होंने अपने व्यवसाय को प्रारंभ करने के साथ-साथ आत्मनिर्भरता की दिशा में कदम बढ़ाया है।उद्यमियों ने संवाद के दौरान अन्य युवाओं एवं नागरिकों को भी स्वरोजगार अपनाने और शासकीय योजनाओं का लाभ लेकर स्वयं का व्यवसाय स्थापित करने के लिए प्रेरित किया।युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने पर जोर कलेक्टर श्री अंशुल गुप्ता ने उपस्थित नागरिकों से संवाद करते हुए कहा कि शासन द्वारा युवाओं, महिलाओं, छोटे व्यापारियों, कारीगरों, किसानों एवं पशुपालकों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए अनेक स्वरोजगार एवं उद्यमिता योजनाएं संचालित की जा रही हैं। इन योजनाओं का उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को रोजगार मांगने वाला नहीं, बल्कि रोजगार देने वाला बनाने की दिशा में आगे बढ़ाना है।उन्होंने नागरिकों से कहा कि अपनी रुचि, क्षमता और स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप व्यवसाय का चयन कर शासकीय योजनाओं का लाभ उठाएं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि पात्र हितग्राहियों को योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराने के साथ आवेदन प्रक्रिया में आवश्यक सहयोग दिया जाए, ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति योजना के लाभ से वंचित न रहे।कलेक्टर श्री गुप्ता ने कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों की समस्याएं भी सुनीं तथा संबंधित अधिकारियों को उनके त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान का उद्देश्य शासन की योजनाओं एवं सेवाओं को आमजन के अधिक निकट पहुंचाना तथा उनकी समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करना है। कार्यक्रम में उद्योग विभाग की महाप्रबंधक श्रीमती जयंती कुमारी सहायक मैनेजर सुश्री रितु साहू समेत अन्य विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, उद्यमी, स्वसहायता समूहों की महिला सदस्य, युवा एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

निःशुल्क साइकिल वितरण योजना से

बालिकाओं की शिक्षा को मिली नई उड़ान

धर्मेन्द्र गुप्ता

मध्यप्रदेश शासन के समग्र शिक्षा अभियान अंतर्गत प्रदेश की शासकीय शालाओं में कक्षा 6 में प्रवेश लेने वाली उन बालिकाओं को निःशुल्क साइकिल वितरित की जाती हैं, जो कक्षा 5 उत्तीर्ण करने के बाद अपने गाँव की प्राथमिक शाला से दूसरे गाँव अथवा स्थान की माध्यमिक शाला में प्रवेश लेती हैं। इस योजना का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों की बालिकाओं को माध्यमिक शिक्षा से जोड़ना, विद्यालय तक पहुँचने में आने वाली कठिनाइयों को कम करना तथा उनकी पढ़ाई बीच में छूटने की समस्या को दूर करना है।निःशुल्क साइकिल वितरण योजना से बदली बालिकाओं की शिक्षा की तस्वीर विदिशा जिले में प्रतिवर्ष इस योजना के अंतर्गत कक्षा 6 में प्रवेश लेने वाली पात्र बालिकाओं को निःशुल्क साइकिल वितरित की जाती हैं। जिले के अनेक ऐसे ग्रामीण क्षेत्र हैं, जहाँ केवल प्राथमिक शालाएँ संचालित हैं तथा माध्यमिक शालाएँ अन्य गाँवों में स्थित हैं। ऐसी स्थिति में बालिकाओं को विद्यालय आने-जाने के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ती है। परिवहन की सुविधा का अभाव, दूरी और आवागमन में होने वाली कठिनाइयों के कारण कई बालिकाएँ कक्षा 5 उत्तीर्ण करने के बाद आगे की पढ़ाई जारी नहीं रख पाती थीं।निःशुल्क साइकिल वितरण योजना ने इन बालिकाओं के लिए शिक्षा की राह आसान बनाई है। साइकिल मिलने से वे कम समय में विद्यालय पहुँच सकती हैं और नियमित रूप से अपनी पढ़ाई जारी रख सकती हैं। इससे ग्रामीण परिवेश की बालिकाओं में माध्यमिक शिक्षा के प्रति रुचि बढ़ी है तथा उनके अभिभावकों को भी बेटियों की शिक्षा जारी रखने के लिए प्रोत्साहन मिला है।बालिका शिक्षा और आत्मनिर्भरता की दिशा में महत्वपूर्ण पहल यह योजना केवल साइकिल वितरण तक सीमित नहीं है, बल्कि बालिकाओं के शैक्षणिक विकास, आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। विद्यालय तक सुगम पहुँच मिलने से बालिकाओं को अपनी शिक्षा जारी रखने का अवसर प्राप्त हो रहा है। इससे उनकी नियमित उपस्थिति, आगे की कक्षाओं में प्रवेश लेने की संभावनाओं तथा भविष्य में उच्च शिक्षा प्राप्त करने के सपनों को प्रोत्साहन मिल रहा है।योजना के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों की बालिकाओं को यह विश्वास मिला है कि आर्थिक एवं भौगोलिक कठिनाइयाँ उनकी शिक्षा में बाधा नहीं बननी चाहिए। वे पढ़-लिखकर अपने जीवन में नई ऊँचाइयाँ प्राप्त करने और समाज के विकास में योगदान देने की दिशा में आगे बढ़ रही हैं।

सत्र 2025-26 में उल्लेखनीय उपलब्धि

जिला विदिशा द्वारा शैक्षणिक सत्र 2025-26 में कक्षा 6 में प्रवेश लेने वाली पात्र छात्र/छात्राओं को कुल 3321 निःशुल्क साइकिलों का वितरण किया गया। यह उपलब्धि जिले में बालिका शिक्षा को प्रोत्साहित करने तथा दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों की छात्राओं को विद्यालय से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।वर्ष 2026-27 में बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिये निःशुल्क साईकिल वितरण योजना के अंतर्गत 3918 पात्र छात्र/छात्राओं को साईकिल वितरण का लक्ष्य रखा गया है जिसमें से प्रथम चरण में 2435 पात्र छात्र/छात्राओं को निःशुल्क साईकिल वितरण किया जा चुका है ।

ग्राम पंचायत पारापानी में प्रधानमंत्री आवास योजना की स्वीकृति नहीं मिलने से ग्रामीण परेशान, CEO से लगाई गुहार

शिवम् प्रजापति

ग्रामीणों द्वारा दिए गए आवेदन के अनुसार, ग्राम पंचायत पारापानी के अंतर्गत आने वाले ग्राम तांवरी में प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ नहीं मिलने की शिकायत की गई है। आवेदन में वर्तमान सरपंच कमलाबाई धुर्वे, सचिव अर्जुन सिंह मरावी एवं रोजगार सहायक सचिव तामेश्वर पुसाम के कार्यकाल को लेकर सवाल उठाए गए हैं।ग्रामीणों का आरोप है कि वर्तमान सरपंच के कार्यकाल में पात्र हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना की स्वीकृति नहीं मिल पाई है। आवेदन में यह भी उल्लेख किया गया है कि लगभग पांच वर्ष पहले स्वीकृत कुछ आवास पुराने हैं, जबकि वर्तमान कार्यकाल में नए आवास स्वीकृत नहीं होने से ग्रामीण परेशान हैं। ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने कई बार सरपंच एवं सचिव के समक्ष अपनी समस्या रखी, लेकिन उनकी शिकायत पर ध्यान नहीं दिया गया। ग्रामीणों ने आवेदन के माध्यम से जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी से मामले की जांच कराने और पात्र हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने की मांग की है।



अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि ग्राम पंचायत पारापानी में पात्र हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ क्यों नहीं मिल पा रहा है? क्या संबंधित अधिकारियों द्वारा मामले की जांच की जाएगी? और क्या वास्तव में पात्र परिवारों को आवास योजना का लाभ मिल पाएगा?

फिलहाल, ग्रामीणों ने जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी से न्याय की गुहार लगाई है। अब देखना होगा कि प्रशासन इस मामले में क्या कदम उठाता है और जरूरतमंद परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ कब तक मिल पाता है।

सक्षम कार्यक्रम अंतर्गत विकासखंड अकादमिक समन्वयक/जनशिक्षकों का एक दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न



शिवम प्रजापति

मेंहदवानी, डिंडौरी। दिनांक 15 अक्टूबर 2026 को जिला डिंडौरी कलेक्टर महोदय के मार्गदर्शन में व सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग निर्देशन में सक्षम कार्यक्रम अंतर्गत विकासखंड मेंहदवानी के विकासखंड अकादमिक समन्वयक (BAC) एवं जनशिक्षकों का एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य विद्यालयों में सक्षम जीवन कौशल कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन, नियमित जीवन कौशल सत्रों की गुणवत्ता तथा विद्यालय स्तर पर कार्यक्रम की मॉनीटरिंग को सुदृढ़ करना रहा। प्रशिक्षण के दौरान सक्षम कार्यक्रम की संरचना, सत्र प्रक्रिया, गतिविधि आधारित शिक्षण पद्धति एवं विद्यालय भ्रमण के दौरान किए जाने वाले अवलोकन के प्रमुख बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्री समद सिंह मरावी जी एवं विकासखंड स्रोत समन्वयक श्री आनंद दुबे जी उपस्थित रहे। सक्षम टीम से जिला प्रबंधक श्री महारन प्रताप सिंह परमार, विकासखंड प्रबंधक श्री नीरज तिवारी एवं श्री अमित शुक्ला उपस्थित रहे। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों ने समूह गतिविधियों एवं प्रस्तुतीकरण के माध्यम से सक्रिय सहभागिता की। प्रशिक्षण के माध्यम से विद्यालयों में सक्षम जीवन कौशल कार्यक्रम के प्रभावी एवं गुणवत्तापूर्ण संचालन तथा नियमित मॉनीटरिंग हेतु आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

'मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान' के तहत नरवर में हुआ 'उद्यम संवाद'; स्वरोजगार एवं औद्योगिक गतिविधियों को मिलेगी नई दिशा

विधायक करैरा श्री खटीक व कलेक्टर श्री वर्मा की उपस्थिति में हुआ वृहद कार्यक्रम

हेमंत भार्गव

शिवपुरी। मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को जनपद पंचायत प्रांगण नरवर में शिविर का आयोजन हुआ। शिविर में 'उद्यम संवाद' कार्यक्रम आयोजित किया गया। करैरा विधायक श्री रमेश प्रसाद खटीक, कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा की उपस्थिति में आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में निवेश, स्वरोजगार तथा औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा देना रहा। कलेक्टर श्री अर्पित वर्मा ने आश्वस्त किया कि जिले में उद्योगों को बढ़ावा देने हेतु पारदर्शी व्यवस्था के तहत कार्य किया जा रहा है। शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़कर उद्यमियों तथा युवाओं को उद्योग स्थापना व व्यवसाय विस्तार में हर संभव मदद पहुंचाई जा रही है।

उद्यम संवाद में हितग्राहियों ने साझा किए आत्मनिर्भरता के अनुभव

कार्यक्रम के दौरान सफल हितग्राहियों ने अपने अनुभव साझा किए। 'उद्यम संवाद' में विभिन्न शासकीय योजनाओं के माध्यम से लाभान्वित सफल उद्यमियों, व्यवसायियों एवं स्व-सहायता समूह की दीदियों ने अपने-अपने अनुभव साझा किए। जिसमें गिरिजेश बघेल ने अपनी सफलता की कहानी साझा करते हुए बताया कि योजना की मदद से उन्होंने धान मिल, आटा चक्की का सफल संचालन शुरू किया है। फेरन कुशवाह ने बताया कि पीएमएफएमई योजना के अंतर्गत 5.90 लाख रुपये का ऋण और 35 प्रतिशत सब्सिडी प्राप्त कर राहत के साथ अपना खाद्य प्रसंस्करण व्यवसाय शुरू किया। रणवीर कुशवाहा ने बताया कि पीएमईजीपी योजना के तहत ऋण प्राप्त कर टेंट हाउस का सफल व्यापार संचालित कर रहे हैं। बॉबी धानुक ने संत रविदास स्वरोजगार योजना के तहत थोक किराना दुकान व्यवसाय की शुरुआत कर आत्मनिर्भरता की राह चुनी। खुशबू कुशवाह (स्व-सहायता समूह) ने बताया कि उन्हें बचपन से ज्वेलरी बनाने का शौक था, जिसे उन्होंने समूह से जुड़कर अपने मुख्य व्यवसाय में बदल लिया। लौड़ी माता स्व-सहायता समूह से जुड़ी रेखा जाटव निवासी ग्राम बरखाड़ी ने बताया कि उन्होंने 15 दीदियों को मिलाकर कंचन उत्पादक समूह का गठन किया है, जिससे सभी बहनें मिलकर आजीविका चला रही हैं। समता समन्वयक के रूप में वह सक्रिय होकर काम कर रही हैं।



स्वरोजगार से औद्योगिक विकास को मिलेगी नई दिशा

कार्यक्रम में विधायक श्री रमेश प्रसाद खटीक ने उपस्थित नागरिकों व युवाओं से संवाद करते हुए कहा कि राज्य सरकार की योजनाओं का उद्देश्य उद्योगों को बढ़ावा देना है। नरवर क्षेत्र में कृषि, प्रसंस्करण और कुटीर उद्योगों की अपार संभावनाएं हैं। प्रशासनिक स्तर पर पात्र हितग्राहियों को पारदर्शी प्रक्रिया के माध्यम से बैंकों से ऋण और सब्सिडी प्रदान की जा रही है, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों से भी सफल उद्यमियों के उदाहरण सामने आ सकें। उद्यम संवाद में जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक श्री अजय तिवारी भी उपस्थित रहे।

जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी रहे उपस्थित

शिविर में जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रियंका पाल सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी थी। जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ विकासखंड स्तरीय विभागीय अधिकारी, कर्मचारी, बैंक प्रतिनिधि, विभिन्न स्व-सहायता समूहों की सदस्य तथा बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिक व हितग्राही उपस्थित रहे।

भारतीय पत्रकार संघ के
राष्ट्रीय उपाध्यक्ष
मनोनित होने पर
श्री गोपाल गावंडे जी
को हार्दिक बधाई





बधाईकर्ता: दैनिक रणजीत टाइम्स!
राजनीति 24 न्यूज़ चैनल



मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान: नरवर में स्वामित्व योजना के तहत 12 हितग्राहियों को मिली मकानों की निशुल्क रजिस्ट्री; मिला मालिकाना हक

शिवपुरी राज्य शासन के निर्देशों के परिपालन में तथा कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा के निर्देशानुसार शिवपुरी जिले में "मध्यप्रदेश स्वामित्व अधिकार अभिलेख निष्पादन एवं पंजीयन" अभियान के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में नागरिकों को उनकी भूमि एवं परिसंपत्ति का निशुल्क मालिकाना हक दिलाने की दिशा में निरंतर कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में इस शुक्रवार को जनपद प्रांगण नरवर में 'मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान शिविर' का सफल आयोजन किया गया। शिविर के दौरान स्वामित्व योजना के तहत लाभांवित हितग्राहियों को मकान की रजिस्ट्री प्रदान की गई। विधायक श्री रमेश प्रसाद खटीक और कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा ने स्वामित्व योजना के लाभान्वित हितग्राहियों को निशुल्क रजिस्ट्री एवं अधिकार पत्र का वितरण किया। लाभांवित हितग्राहियों ने भी शासन और प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

स्वामित्व योजना के तहत 12 हितग्राही हुए लाभान्वित9 शिविर में राजस्व विभाग द्वारा स्वामित्व योजना के अंतर्गत ग्रामीण अंचलों के निवासियों को उनके मकानों की निशुल्क रजिस्ट्री एवं अधिकार पत्र वितरित किए गए। योजना के तहत तहसील नरवर के विभिन्न ग्रामों के कुल 12 पात्र हितग्राहियों को अपनी संपत्ति का वैधानिक व आधिकारिक मालिकाना हक प्राप्त हुआ।

लाभान्वित हितग्राहियों की सूची

शिविर में निशुल्क रजिस्ट्री प्राप्त करने वाले प्रमुख हितग्राहियों में शामिल हैं। जिसमें ग्राम रोनिजा निवासी दशरथ कर्ण एवं मुकेश नामदेव, ग्राम फूलपुर (नरवर) निवासी मलखान सिंह, हरवंश जाटव, नरेश सिंह रावत एवं राघवेंद्र कोली, ग्राम चकारमपुर निवासी हरप्रसाद कुशवाह, ग्राम दिहायला निवासी पुष्पेंद्र रावत, ग्राम नरौआ निवासी भागीरथ वंशकार एवं नारायण दास योगी, ग्राम सिमरिया निवासी रणवीर सिंह रावत एवं भारतसिंह रावत शामिल है। स्वामित्व योजना के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में संपत्ति का विवादरहित रिकॉर्ड तैयार हो रहा है।